**निदेशक, राज्य नगरीय विकास अभिकरण (सूडा), लखनऊ की अध्यक्षता में दिनांक 10.03.2018 की अपरान्ह् 12.30 बजे प्रधानमंत्री आवास योजना (शहरी) के अन्तर्गत डीपीआर/पीएमसी कन्सलटेन्ट्स की समीक्षा बैठक का कार्यवृत्त।**

बैठक में उपस्थितिः–

1. डा0 वी0के0 सिंह, अपर निदेशक, सूडा, लखनऊ।
2. श्री अतुल सिंह चौहान, कार्यक्रम अधिकारी, सूडा, लखनऊ।
3. श्री विनोद कुमार कनौजिया, एम0आई0एस0 स्पेशलिस्ट।
4. श्री हितेश पाठक, एम0आई0एस0 स्पेशलिस्ट, एस0एल0टी0सी0, सूडा, लखनऊ।
5. श्री आई0पी0 गुप्ता, प्रबन्ध निदेशक, मै0 सरयू बाबू इंजीनियर्स रिसोर्स डेवलपमेन्ट, पटना।
6. श्री प्रभाकर, राज्य समन्वयक, मै0 रूद्राभिषेक इन्टरप्राईजेज लि0, नोएडा
7. श्री अनिल श्रीवास्तव, मै0 स्नो फाउण्टेन कन्सलटेन्ट्स, लखनऊ।
8. श्री अशोक गुप्ता, एम0आई0एस0 स्पेशलिस्ट, मै0 स्नो फाउण्टेन कन्सलटेन्ट्स प्रा0लि0, लखनऊ।
9. श्री मनीष अग्रवाल, निदेशक, मै0 क्रिएटिव कर्न्सोटियम, चण्डीगढ़।

1. **मै0 रूद्राभिषेक इन्टरप्राईजेज प्रा0लि0ः–**

* अवगत कराया गया कि 50675 आवासों की स्वीकृत डी0पी0आर0 के सापेक्ष 38871 लाभार्थियों की एम0आई0एस0 एन्ट्री की जा चुकी है, शेष 11804 एम0आई0एस0 एन्ट्री को दिनांक 15.03.2018 तक पूर्ण करने हेतु निर्देशित किया गया।
* अवगत कराया गया कि 38858 लाभार्थियों का अटैचमेन्ट पूर्ण हो चुका है, शेष 11817 लाभार्थियों का अटैचमेन्ट दिनांक 18.03.2018 तक पूर्ण करने हेतु निर्देशित किया गया।
* अवगत कराया गया कि स्वीकृत आवासों के सापेक्ष 14001 आवासों की जिओ टैगिंग हो चुकी है, शेष 36674 आवासों की जिओ टैगिंग का कार्य प्रत्येक दशा में दिनांक 25.03.2018 तक पूर्ण करने हेतु निर्देशित किया गया।
* अवगत कराया गया कि BLC(E) के अन्तर्गत 27000 के डाटा के सापेक्ष 7000 की डीपीआर सम्बन्धित परियोजना अधिकारी, डूडा को उपलब्ध करायी जा चुकी है तथा 3000 की सूची अधिशासी अधिकारी द्वारा हस्ताक्षरित है, जिस पर आगामी सी0एस0एम0सी0 हेतु अवशेष 20000 की डीपीआर भी दिनांक 15.03.2018 तक प्रत्येक दशा में सम्बन्धित परियोजना अधिकारी, डूडा को उपलब्ध कराने हेतु निर्देशित किया गया।

2. **मै0 सरयू बाबू इंजीनियर्स इण्डिया प्रा0लि0ः–**

* अवगत कराया गया कि कुल 54828 स्वीकृत आवासों में 46653 एम0आई0एस0 एन्ट्री के सापेक्ष अब तक 46175 लाभार्थियों का अटैचमेन्ट किया जा चुका है, शेष 8653 लाभार्थियों का अटैचमेन्ट दिनांक 15.03.2018 तक पूर्ण करने हेतु निर्देशित किया गया।
* अवगत कराया गया कि स्वीकृत आवासों के सापेक्ष 13749 आवासों की जिओ टैगिंग हो चुकी है, शेष 41079 आवासों की जिओ टैगिंग का कार्य प्रत्येक दशा में दिनांक 25.03.2018 तक पूर्ण करने हेतु निर्देशित किया गया।
* अवगत कराया गया कि BLC(E) के अन्तर्गत उपलब्ध डाटा में से 1904 की डीपीआर एस0एल0एस0एम0सी0 से पूर्व में स्वीकृत हो चुकी है तथा लगभग 29000 के प्रमाणीकरण का कार्य

क्रमशः......2 पर

प्रगति पर है, जिस पर निर्देशित किया गया कि सर्वेयर्स की संख्या को बढ़ाते हुए अथवा आउटसोर्स करके कार्य को पूर्ण कराते हुए दिनांक 20.03.2018 तक डीपीआर तैयार कर सम्बन्धित परियोजना अधिकारी, डूडा को उपलब्ध करायें।

3. मै0 सरयू बाबू इंजीनियर्स फॉर रिसोर्स डेवलपमेन्टः–

* अवगत कराया गया कि कुल 47590 स्वीकृत आवासों में 36049 एम0आई0एस0 एन्ट्री के सापेक्ष अब तक 35815 लाभार्थियों का अटैचमेन्ट किया जा चुका है, शेष 11775 लाभार्थियों का अटैचमेन्ट दिनांक 15.03.2018 तक पूर्ण करने हेतु निर्देशित किया गया।
* अवगत कराया गया कि स्वीकृत आवासों के सापेक्ष 8934 आवासों की जिओ टैगिंग की जा चुकी है, शेष 38656 आवासों की जिओ टैगिंग का कार्य प्रत्येक दशा में दिनांक 25.03.2018 तक पूर्ण करने हेतु निर्देशित किया गया।
* अवगत कराया गया कि BLC(E) के अन्तर्गत अलीगढ़ क्लस्टर में 4976 एवं मिर्जापुर क्लस्टर में 2818 की डीपीआर आगामी सीएसएमसी हेतु तैयार की जा चुकी है तथा बरेली क्लस्टर में 5020 का डाटा उपलब्ध कराया गया है, जिसकी डीपीआर तैयार की जानी है। निर्देशित किया गया कि अलीगढ़ एवं मिर्जापुर क्लस्टर में 7794 आवासों की डीपीआर की जनपदवार सूची सूडा को उपलब्ध करायें तथा बरेली क्लस्टर में 5020 की डीपीआर तैयार कर दिनांक 15.03.2018 तक सम्बन्धित डूडा को उपलब्ध करायें। इसके अतिरिक्त 7500 का डाटा दिनांक 15.03.2018 तक मै0 क्रिएटिव कर्न्सोटियम को उपलब्ध कराने हेतु निर्देशित किया गया।

4. मै0 क्रिएटिव कर्न्सोटियमः–

* अवगत कराया गया कि कुल 17194 स्वीकृत आवासों में 14327 एम0आई0एस0 एन्ट्री के सापेक्ष 14236 लाभार्थियों का अटैचमेन्ट किया जा चुका है, शेष 2958 लाभार्थियों का अटैचमेन्ट प्रत्येक दशा में दिनांक 14.03.2018 तक पूर्ण करने हेतु निर्देशित किया गया।
* अवगत कराया गया कि स्वीकृत आवासों के सापेक्ष 4265 आवासों की जिओ टैगिंग हो चुकी है, शेष 12929 आवासों की जिओ टैगिंग दिनांक 25.03.2018 तक पूर्ण करने हेतु निर्देशित किया गया। निर्देशित किया गया कि मै0 सरयू बाबू इंजीनियर्स फॉर रिसोर्स डेवलपमेन्ट द्वारा 7500 का डाटा मै0 क्रिएटिव कर्न्सोटियम को उपलब्ध कराया जाना है, ताकि आगामी सीएसएमसी हेतु उसकी डीपीआर तैयार कर सम्बन्धित डूडा को उपलब्ध करायी जा सकें।

5. मै0 स्नो फाउण्टेन कन्सलटेन्ट्सः–

* अवगत कराया गया कि कुल 74341 स्वीकृत आवासों में 56712 एम0आई0एस0 एन्ट्री के सापेक्ष 52966 लाभार्थियों का अटैचमेन्ट किया जा चुका है, शेष 21375 लाभार्थियों का अटैचमेन्ट प्रत्येक दशा में दिनांक 14.03.2018 तक पूर्ण करने हेतु निर्देशित किया गया।
* अवगत कराया गया कि स्वीकृत आवासों के सापेक्ष 24204 आवासों की जिओ टैगिंग हो चुकी है, शेष 50137 आवासों की जिओ टैगिंग दिनांक 25.03.2018 तक पूर्ण करने हेतु निर्देशित किया गया।
* अवगत कराया गया कि 24000 का डाटा प्राप्त हुआ, जिसके सापेक्ष मात्र 15000 ही पात्र लाभार्थी पाये गये। इसके अतिरिक्त मै0 विजन द्वारा 7200, मै0 Sbeng द्वारा 3000 तथा मै0 स्टेसलिस्ट सिस्टम्स द्वारा 300 का डाटा दिया जाना है। निर्देशित किया गया कि उपलब्ध 15000 की डीपीआर

क्रमशः......3 पर

तैयार कर सम्बन्धित डूडा को उपलब्ध करा दी जाये। 9000 अपात्र लाभार्थियों की सूची सम्बन्धित परियोजना अधिकारी, डूडा को उपलब्ध कराया जाये, ताकि उसको सत्यापित कराया जा सके। इसके अतिरिक्त अपात्रों के सापेक्ष नये पात्र लाभार्थियों का डाटा उपलब्ध कराया जाये।

**उक्त के अतिरिक्त निम्न निर्देश दिये गयेः–**

1. सर्वेयर्स को एनबीसी मानकों के साथ–साथ पात्र/अपात्र लाभार्थियों की पूर्ण जानकारी दी जाये।
2. स्वीकृत पात्र लाभार्थियों को अपात्र करने से पूर्व पूर्ण जानकारी/जाँच कर सूची सम्बन्धित परियोजना अधिकारी को उपलब्ध कराते हुए उनके निर्देशानुसार कार्यवाही की जाये।
3. वर्किंग ड्राईंग 30 मीटर तक ही हो। ड्राईंग में लाभार्थी का नाम एवं स्वीकृति संख्या भी अंकित की जाये। मौके के अनुसार ड्राईंग की एक प्रति लाभार्थी को उपलब्ध करायी जाये एवं एक प्रति फाइल में संरक्षित की जायें।
4. कुछ आवास मॉडल के रूप में निर्मित करवाये जायें। लाभार्थी अपनी धनराशि से एक अच्छा फ्रंट ऐलिवेशन बनाकर मॉडल के रूप में बना सकते हैं।
5. जनपद/नगर निकाय का प्लान एक पेजर में बनाया जाये, जिसमें रखे गये कर्मियों की संख्या, प्लान, जिओ टैगिंग की तिथि, ड्राईंग उपलब्ध कराने की तिथि तथा परियोजना पूर्ण होने की तिथि दर्शायी जाये।
6. प्रतिदिन MIS की रिपोर्ट श्री मानस द्विवेदी, MIS स्पेशलिस्ट को उपलब्ध करायी जायें।
7. जिओ टैगिंग दिनांक 25.03.2018 तक प्रत्येक दशा में पूर्ण की जाये, जिससे 2 लाख लाभार्थियों को धनराशि हस्तान्तरण के लक्ष्य को प्राप्त किया जा सकें।
8. HFAPoA कन्सलटेन्ट द्वारा डीपीआर बनाने हेतु डाटा निर्धारित समयान्तर्गत डीपीआर कन्सलटेन्ट उपलब्ध करा दिया जाये, जिससे डीपीआर तैयार कर सम्बन्धित परियोजना अधिकारी, डूडा को उपलब्ध करायी जा सकें। किसी भी स्तर पर आपसी सामन्जस्य का अभाव नहीं होना चाहिए।
9. प्रत्येक स्तर पर तकनीकी सहायता लाभार्थी को उपलब्ध करायी जाये एवं ससमय प्रत्येक लेवल की जिओ टैगिंग भी की जाये।

(देवेन्द्र कुमार पाण्डेय)
निदेशक

संख्याः– 5027/01/29/एचएफए–12/2017–18 दिनांकः– 14 मार्च, 2018

प्रतिलिपिः–

1. कार्यक्रम अधिकारी, राज्य नगरीय विकास अभिकरण, उ0प्र0, लखनऊ।
2. समस्त परियोजना अधिकारी/सहा0 परियोजना अधिकारी, डूडा को उपरोक्तानुसार अनुपालनार्थ।
3. सम्बन्धित एचएफएपीओए एवं डीपीआर/पीएमसी कन्सलटेन्ट्स को अनुपालनार्थ।
4. सहा0 परियोजना अधिकारी/वेब मास्टर, सूडा, लखनऊ को आवश्यक कार्यवाही हेतु।
5. गार्ड फाइल हेतु।

(देवेन्द्र कुमार पाण्डेय)
निदेशक